कार्यालयः– जिला कार्यक्रम अधिकारी गाजियाबाद।

पत्रांक C-715/जि0का0/आ0बा0च0विज्ञप्ति/2023–24 दिनांक 14.03.2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 19/2023/3975/58–1– 2022–2/1(22)10टी0सी01 दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद गाजियाबाद के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रो में संचालित बाल विकास परियोजनाओ में आंगनबाडी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदो पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती के तहत विभागीय वेब साइट **upanganwadibharti.in** पर आनॅलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदो पर परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः–

क0स0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	रिक्त पदो का विवरण
			आंगनबाडी कार्यकत्री
1	भोजपुर	ग्रामीण/शहरी	52
2	शहर	शहरी	57
3	लोनी	ग्रामीण/शहरी	32
4	मुरादनगर	ग्रामीण	18
5	रजापुर	ग्रामीण	25
कुल योग			**184**

(नोटः–उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट बढ सकती है।)

उपरोक्त पदो पर ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगें:–
2. रिक्त पदो (आंगनबाडी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमिडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत/वार्ड की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कटऑफ तिथि 01.01.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर आनॅलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नही किये जायेगें।
6. विज्ञप्ति पदो हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05.04.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदो की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यलय अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीया

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
गाजियाबाद।

(बाल विकास) गाजियाबाद

पृष्ठांकन संख्या C-715 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, महोदय गाजियाबाद।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय गाजियाबाद।
4. सहायक निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, गाजियाबाद की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि अपने स्तर से भी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. सम्पादक, अमर उजाला गाजियाबाद की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि दैनिक अमर उजाला समाचार पत्र के अगामी अंक में उक्त का प्रकाशन शासकीय दरों पर कम से कम स्थान पर प्रकाशित कराते हुए बिल भुगतान हेतु दो प्रतियो में प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. सम्पादक, दैनिक हिन्ट, गाजियाबाद की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि दैनिक दैनिक हिन्ट समाचार पत्र के अगामी अंक में उक्त का प्रकाशन शासकीय दरों पर कम से कम स्थान पर प्रकाशित कराते हुए बिल भुगतान हेतु दो प्रतियो में प्रेषित करने का कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद गाजियाबाद को इस आशय से कि उपरोक्त के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
गाजियाबाद।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
गाजियाबाद